तापमान
अधिकतम 33.0°C
न्यूनतम 26.0°C

हरिभूमि
सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार 26 अगस्त 2026

11 चार वर्ष केवल परीक्षा, अंक और डिग्री तक सीमित न रहें

12 महिला विवि व राई इंडस्ट्रियल एसो. में समझौता ज्ञापन

खबर संक्षेप

नरेंद्र की हत्या का आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

सोनीपत। मुरथल पुलिस ने युवक की हत्या के मामले में ग्यासपुर निवासी बलबीर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार रसूलपुर निवासी वेदपाल ने 24 अगस्त को शिकायत दी थी कि उसका बेटा नरेन्द्र 15 अगस्त को दोपहर करीब एक बजे यमुना नदी में नहाने के लिए घर से गया था। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजन उसकी तलाश में यमुना नदी पर पहुंचे। वहां लोगों की भीड़ लगी हुई थी और नरेन्द्र घायल अवस्था में पड़ा था। उसके मुंह और शरीर पर चोट के निशान थे।पुलिस नरेन्द्र को उपचार के लिए अस्पताल लेकर गई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वेदपाल ने पुलिस को बताया कि कुछ दिन पहले नरेन्द्र की बलबीर के साथ कहासुनी हुई थी। आरोप है कि बलबीर ने नरेन्द्र को जान से मारने की धमकी भी दी थी।

सट्टा खिलाने वाला आरोपी गिरफ्तार, नकदी बरामद

गोहाना। क्राइम यूनिट गोहाना की पुलिस टीम ने सट्टा खिलाने के आरोप में महमूदपुर निवासी राजू पुत्र रामबाबू को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से 1220 रुपये और सट्टा पर्ची बरामद की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि नई अनाज मंडी के पीछे शिव कॉलोनी में राजू सट्टा खिला रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर निगरानी शुरू की। आरोपित लोगों को आवाज लगाकर सट्टा लगाने के लिए बुला रहा था।पुलिस ने कार्रवाई के दौरान एक कर्मचारी को 10 रुपये का नोट देकर उसके लघु हस्ताक्षर किए और उसे 11 नंबर पर 100 रुपये का सट्टा लगाने के लिए भेजा। कर्मचारी ने सट्टा लगाकर पर्ची हासिल करने के बाद पुलिस टीम को इशारा किया। इसके बाद पुलिस ने मौके पर कार्रवाई करते हुए राजू को गिरफ्तार कर लिया।

अवैध हथियार लेकर घूम रहा युवक पकड़ा

खरखौदा। पुलिस ने गढ़ी सिसाना मोड़ पर एक युवक को अवैध पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गांव गढ़ी सिसाना निवासी मंजीत के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार टीम को सूचना मिली थी कि एक युवक अवैध पिस्तौल लेकर गढ़ी सिसाना मोड़ पर खड़ा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर निगरानी शुरू की। इसी दौरान संदिग्ध युवक पुलिस टीम को अपनी ओर आता देखकर भागने लगा।पुलिसकर्मियों ने पीछा कर उसे मौके पर ही पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध पिस्तौल बरामद हुआ।

पश्चिमी विक्षोभ का असर : 24 घंटे में 29.33 एमएम बरसे बदरा, सितंबर के पहले सप्ताह तक मौसम रहेगा परिवर्तनशील

बारिश के बाद सड़कें और गलियां जलमग्न, वाहन चालकों व राहगीरों को हुई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिले में पिछले तीन दिनों से मानसून की गतिविधियां कमजोर बनी हुई हैं। दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में सक्रिय हुए कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पिछले 24 घंटे में जिले में औसतन 29.33 एमएम बारिश दर्ज की गई। सोनीपत और राई क्षेत्र में तेज बारिश हुई, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई। वहीं गोहाना, खरखौदा, गन्नौर और खानपुर कलां क्षेत्र में भी बारिश हुई। दिनभर आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रही। बारिश के बाद वायु गुणवत्ता में भी सुधार हुआ और सोनीपत का एक्यूआई 52 दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार फिलहाल सितंबर के पहले सप्ताह तक मौसम परिवर्तनशील बना रह सकता है, लेकिन मानसून की गतिविधियां अब कमजोर होने की संभावना है। राजस्थान की ओर से आ रही पश्चिमी हवाओं के कारण प्रदेश में मानसून मजबूत नहीं हो पा रहा है। मंगलवार सुबह मौसम का मिजाज अचानक बदला और सोनीपत व राई क्षेत्र में तेज बारिश शुरू हो गई। अन्य क्षेत्रों में भी मध्यम बारिश दर्ज की गई। बारिश के बाद शहर की सड़कों और गलियों में जलभराव हो गया। जीटी रोड से लेकर शहर की कई सड़कों पर पानी भरने से वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों का कहना है कि थोड़ी सी बारिश के बाद ही जलभराव की स्थिति बन जाती है और पानी निकासी की व्यवस्था पर्याप्त नहीं है।

एटलस रोड

सोनीपत में 74 तो राई में 75 एमएम बारिश रिकॉर्ड

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पिछले 24 घंटे में सोनीपत ब्लॉक में 74 एमएम और राई ब्लॉक में 75 एमएम बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा गन्नौर में 13, खानपुर कलां में 6 और खरखौदा में 8 एमएम बारिश हुई। गोहाना में बारिश दर्ज नहीं की गई।

एक्यूआई 52, प्रदूषण से मिली राहत: बारिश के बाद सोनीपत की वायु गुणवत्ता में काफी सुधार दर्ज किया गया। मंगलवार को एक्यूआई 52 रहा, जिससे लोगों को प्रदूषण से राहत मिली। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार सप्ताह के अंत तक अधिकतम तापमान करीब 35 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 33 और न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोपहर में धूप निकलने के कारण लोगों को उमस का सामना करना पड़ा।

जलभराव रोकने के लिए मेयर ने डिस्पोजलों का किया निरीक्षण

सोनीपत। मंगलवार सुबह हुई तेज बारिश के बाद नगर निगम मेयर राजीव जैन ने शहर की जलनिकासी व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने सुबह सात बजे ड्रेन नंबर-6 का निरीक्षण कर पानी निकासी में आ रही रुकावट वाले स्थानों को चिन्हित किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मेयर ने ओल्ड डीसी रोड स्थित डिस्पोजल का निरीक्षण किया तो बिजली नहीं होने के कारण मोटर बंद मिली डिस्पोजल पर रखा जनरेटर भी बैटरी डाउन होने के कारण चालू नहीं हो पा रहा था। मेयर ने मौके पर ही मिस्त्री बुलवाकर जनरेटर चालू करवाया। इसके बाद उन्होंने खाटू श्याम मंदिर के पास स्थित डिस्पोजल का निरीक्षण किया। यहां एक मोटर चल रही थी, जबकि दूसरी मोटर तीन दिन से खराब पड़ी थी। मेयर ने अधिकारियों को खराब मोटर को तुरंत बदलने के निर्देश दिए।

पीजी की पहली मेरिट सूची जारी, 27 तक फीस जमा कर दाखिला लेने का मौका

एमए पॉलिटिकल साइंस की कटऑफ सबसे ज्यादा, पीजीडीसीए में सबसे कम

एमएससी जियोग्राफी 50 एमए कॉमर्स 61 , एमए इंग्लिश में 40% रही पहली कट आफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिले के महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों में दाखिले का इंतजार कर रहे विद्यार्थियों का इंतजार खत्म हो गया है। उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया पूरी होने के बाद पीजी पाठ्यक्रमों की पहली मेरिट सूची जारी कर दी है। जिले के विभिन्न महाविद्यालयों में पहली कटऑफ 12 से 75 प्रतिशत तक रही। मेरिट सूची में स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को 27 अगस्त तक फीस जमा करवाकर दाखिला सुनिश्चित करने का अवसर दिया गया है। राजकीय महिला महाविद्यालय, सेक्टर-12 में एमए पॉलिटिकल साइंस की पहली कटऑफ सबसे अधिक 75 प्रतिशत रही। इसके बाद एमकॉम में 61 प्रतिशत, एमएससी जियोग्राफी में 50 प्रतिशत और एमए इंग्लिश में 40 प्रतिशत तक कटऑफ पहुंची। वहीं पीजीडीसीए में कटऑफ सबसे कम 11 प्रतिशत रही।

जीवीएम कन्या महाविद्यालय, मुरथल रोड में एमएससी फिजिक्स की कटऑफ 66.28 प्रतिशत, एमएससी गणित की 67.90 प्रतिशत, एमएससी केमिस्ट्री की 67.10 प्रतिशत, एमए हिंदी की 52.92 प्रतिशत, एमए जियोग्राफी की 63.88 प्रतिशत, एमए इंग्लिश की 64.40 प्रतिशत और एमकॉम की कटऑफ 71.64 प्रतिशत रही। पहली मेरिट सूची सोमवार दोपहर बाद जारी की गई और मंगलवार से महाविद्यालयों में दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गई। सूची में स्थान पाने वाले विद्यार्थी 25 से 27 अगस्त तक फीस जमा करवाकर अपनी सीट सुनिश्चित कर सकते हैं।

फीस ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से जमा कराने की सुविधा दी गई है। ऑनलाइन फीस जमा करवाने वाले विद्यार्थियों को बाद में महाविद्यालय पहुंचकर दस्तावेजों का सत्यापन करवाना अनिवार्य होगा। दस्तावेज सत्यापन और फीस जमा होने के बाद ही दाखिला पूर्ण माना जाएगा। विद्यार्थियों की सहायता के लिए महाविद्यालयों में हेल्प डेस्क भी स्थापित किए गए हैं।

सोनीपत। राजकीय महिला महाविद्यालय में हेल्प डेस्क पर दस्तावेजों का सत्यापन करवातीं छात्राएं।

28 अगस्त से दूसरे चरण की काउंसलिंग

पहली मेरिट सूची के बाद खाली रहने वाली सीटों के लिए 28 अगस्त से फिजिकल काउंसलिंग शुरू होगी। 29 अगस्त को दाखिला पोर्टल दोबारा खोला जाएगा। इसके बाद 30 अगस्त से 5 सितंबर तक 100 रुपये विलंब शुल्क के साथ फिजिकल काउंसलिंग होगी। 6 से 12 सितंबर तक प्रतिदिन 100 रुपये विलंब शुल्क के साथ दाखिला लेने का अवसर मिलेगा।

देरी से शुरू होगा नया सत्र

पीजी पाठ्यक्रमों में दाखिला प्रक्रिया तय समय से आगे बढ़ने के कारण नया शैक्षणिक सत्र भी देरी से शुरू होने की संभावना है। निदेशालय ने पहले ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 7 अगस्त निर्धारित की थी, जिसे संशोधित कर 21 अगस्त किया गया था। पंजीकरण पूरा होने के बाद विद्यार्थियों को पहली मेरिट सूची का इंतजार था। वहीं राजकीय महिला महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. किरण सरोहा ने बताया कि उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने पहली मेरिट सूची जारी कर दी है। सूची में स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को फीस जमा करवाने के लिए तीन दिन का समय दिया गया है। विद्यार्थियों की सहायता के लिए महाविद्यालय में हेल्प डेस्क खुले रहेंगे।

4.540 किलो चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

- क्राइम यूनिट कुंडली ने भम्भेवा मोड़ के पास दबोचा, चार दिन के पुलिस रिमांड पर

सोनीपत पुलिस की क्राइम यूनिट कुंडली ने मादक पदार्थों की धरपकड़ अभियान के तहत 4 किलो 540 ग्राम चरस के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान गांव घड़वाल निवासी बलराज के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस के अनुसार 24 अगस्त को क्राइम यूनिट कुंडली में तैनात सहायक उप निरीक्षक सुरेश पुलिस टीम के साथ बुटाना मोड़, गांव बरोदा के पास गश्त कर रहे थे। इसी दौरान सूचना मिली कि बलराज चरस बेचने का काम करता है और चरस से भरा बैग लेकर गांव भम्भेवा मोड़ से आगे श्मशान के पास वाहन के इंतजार में खड़ा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर संदिग्ध युवक को काबू कर लिया। राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में उसके हाथ में लिए बैग की तलाशी ली गई। बैग में हरे रंग की पॉलीथिन से 4 किलो 540 ग्राम चरस बरामद हुई।

अवैध शराब बेचने के आरोप में दो गिरफ्तार

सोनीपत। पुलिस ने अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से कुल 26 बोतल और 98 अध्धे देशी शराब बरामद की। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान न्यू तारा नगर निवासी अरुण और खटीक मोहल्ला निवासी हरीश के रूप में हुई है। दोनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि अवैध काम करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

दतौली में मेडिकल स्टोर में तोड़फोड़ और मारपीट

- पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू की

गन्नौर। दतौली में मेडिकल स्टोर पर विवाद के बाद तोड़फोड़, नकदी ले जाने और मारपीट के मामले में एचएसआईआईडीसी बड़ी थाना पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज किया है।

पुलिस ने शिकायतों और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता चोब सिंह निवासी दतौली ने पुलिस को बताया कि 20 अगस्त को उनका बेटा संदीप मेडिकल स्टोर पर मौजूद था। आरोप है कि पड़ोस में किराना दुकान चलाने वाले बलवान सिंह के बेटों ने संदीप के साथ झगड़ा किया। इसके बाद दुकान में घुसकर तोड़फोड़ की और सामान इधर-उधर बिखेर दिया।

शिकायत में दुकान से नकदी ले जाने और लाठी-डंडों से मारपीट करने का भी आरोप लगाया गया है। चोब सिंह के अनुसार सूचना मिलने पर वह अपने बड़े बेटे गोविंद के साथ मौके पर पहुंचे।

आरोप है कि वहां भी आरोपितों ने गोविंद के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। इसी दौरान एक गाड़ी में पांच-छह युवक मौके पर पहुंचे और उन्होंने भी लाठी-डंडों व अन्य हथियारों से हमला कर दिया। घटना में संदीप, गोविंद और शिंकु को चोटें आईं।

जयदीप दहिया का एशियन गेम्स की कबड्डी टीम में चयन

खरखौदा। एशियन गेम्स 2026 का आयोजन 19 सितंबर से 4 अक्टूबर के बीच जापान के आईची नागोया में किया जाना है। एशियन गेम्स के लिए भारत की कबड्डी टीम का चयन हो गया है। टीम के 12 में से 8 खिलाड़ी हरियाणा के हैं। प्रदेश के आठ खिलाड़ियों में एक खिलाड़ी जयदीप दहिया खरखौदा उपमंडल के गांव सिसाना से है। वे वर्तमान में प्रो कबड्डी लीग की हरियाणा स्टीलर टीम के कप्तान है। उनकी कप्तानी में हरियाणा स्टीलर प्रो कबड्डी टीम ने सीजन- 11में विजेता रहते हुए ट्रॉफी अर्जित की थी।

बड़वासनी में युवक की छाती में गोली मारने के आरोप में दो युवक गिरफ्तार

सोनीपत। सदर पुलिस ने फायर कर जानलेवा हमला करने के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान गांव बड़वासनी निवासी फिरोज और जयभगवान के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस के अनुसार गांव बड़वासनी निवासी सुनील ने 17 अगस्त को शिकायत दी थी कि 16 अगस्त की रात करीब 10.15 बजे कश्यप चौपाल के पास मयूरा की किराना दुकान के नजदीक उसके भाई अनिल के साथ फिरोज और जयभगवान ने मारपीट शुरू कर दी। सूचना मिलने पर सुनील भी मौके पर पहुंच गया। आरोप है कि इसी दौरान फिरोज ने अनिल को जान से मारने की नीयत से छाती के पास गोली मार दी। वारदात के बाद दोनों आरोपित मौके से फरार हो गए।

जिला परिषद चेयरमैन का अधिकारियों को निर्देश, विकास कार्यों में लापरवाही सहन नहीं होगी

बुजुर्गों की पेंशन कटने और अधिकारियों की मनमानी पर जिप की बैठक में गरमाया सदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

- गांवों का विकास जिला परिषद की प्राथमिकता

जिला परिषद सोनीपत की बैठक में मंगलवार को जनसमस्याओं और विकास कार्यों को लेकर सदन में जमकर चर्चा हुई। जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने बुढ़ापा, विधवा और दिव्यांग पेंशन काटे जाने, अधिकारियों की कार्यप्रणाली, भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी और विकास कार्यों की अनदेखी का मुद्दा उठाया। विरोध जताने के लिए वह गोरिल्ला का रूप धारण कर बैठक में पहुंचे। उन्होंने जिला परिषद का कोटा निर्धारित करने की मांग भी रखी। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद चेयरमैन मोनिका दहिया ने की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का विकास जिला परिषद की प्राथमिकता है।

सोनीपत। बैठक के दौरान उपस्थित पार्षद एवं अधिकारीगण।

पेंशन समस्याओं के समाधान के लिए गांवों में लगेंगे शिविर: बैठक में बुढ़ापा पेंशन से जुड़ी समस्याओं पर विशेष चर्चा हुई। संजय बड़वासनिया ने कहा कि बुढ़ापा, विधवा और दिव्यांग पेंशन लगातार काटी जा रही हैं और पात्र बुजुर्गों को अपनी पेंशन ठीक करवाने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। उन्होंने गांवों में तथा शहर में वार्डवार शिविर लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र में आय अधिक दर्ज होने के कारण कई पात्र बुजुर्गों की पेंशन काटी जा रही है। तीन लाख रुपये से अधिक पारिवारिक आय होने पर पेंशन काटने की प्रक्रिया पर भी उन्होंने सवाल उठाया। जिला परिषद की सीईओ डॉ. अनमोल ने अधिकारियों को ब्लॉक और ग्राम स्तर पर शिविर लगाने का कार्यक्रम तैयार करने के निर्देश दिए। पेंशन संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए आशा कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाने को भी कहा गया। उन्होंने लापरवाही करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया।

यमुना घाट के रास्तों की समस्या भी उठी

बैठक में बख्तावरपुर से यमुना घाट और मेहंदीपुर से यमुना घाट तक जाने वाले रास्तों की चौड़ाई का मुद्दा उठाया गया। सीईओ डॉ. अनमोल ने संबंधित अधिकारियों को मौके का निरीक्षण कर समस्या का जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। नांदनौर से बड़ौली तक बिजली के पोल से जुड़ी समस्या पर भी चर्चा हुई। पार्षदों ने रास्तों के किनारे उगी झाड़ियों, अधूरे विकास कार्यों और चौपालों से संबंधित समस्याएं भी सदन में रखीं।

गोरिल्ला का रूप धारण कर बैठक में पहुंचे पार्षद बड़वासनिया

महंगाई का मुद्दा भी उठा

संजय बड़वासनिया ने कहा कि बढ़ती महंगाई से आम आदमी की रसोई का बजट बिगड़ गया है। पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने और रोजगार के सीमित अवसरों के कारण लोग परेशान हैं। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी, पटवारी, किसान, मजदूर और व्यापारी अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा। उन्होंने अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों के साथ किसी भी तरह की बदसलूकी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो अधिकारी समय पर कार्य नहीं करते, उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि अधिकारियों की मनमानी जारी रही तो जनप्रतिनिधियों को कार्यालयों के बाहर धरना देने और जरूरत पड़ने पर गेट बंद करने का कदम उठाना पड़ेगा।

वर्मा के सिर सजा गन्नौर नपा उपाध्यक्ष का ताज

शमशेर सैनी को दो मतों के अंतर से हराया

गन्नौर। उपाध्यक्ष नरेश वर्मा के साथ खुशी बनाते नपाध्यक्ष अरुण त्यागी व पार्षदगण।

गन्नौर । गन्नौर नगरपालिका उपाध्यक्ष पद के लिए मंगलवार को हुए उप चुनाव में वार्ड 16 के पार्षद नरेश वर्मा ने बाजी मार ली। ईवीएम के माध्यम से हुए मतदान हुआ जिसमें सभी 17 पार्षदों समेत नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान में नरेश वर्मा को 10 वोट, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी शमशेर सैनी को 8 वोट मिले। इस तरह नरेश वर्मा ने दो वोटों के अंतर से जीत दर्ज कर नगरपालिका के नए उपाध्यक्ष चुने गए। जीत के बाद नरेश वर्मा के समर्थकों में खुशी का माहौल रहा। उल्लेखनीय है कि उपाध्यक्ष पद के लिए पहले चुनाव की तारीख निर्धारित की गई थी, लेकिन एसडीएम प्रवेश कादियान के अचानक बीमार होने के कारण चुनाव स्थगित करना पड़ा था। इसके बाद प्रशासन ने 25 अगस्त को चुनाव कराने का नया कार्यक्रम जारी किया था।

हैवान के ट्रेलर में अक्षय ने डराया, संघर्ष करते दिखे सैफ

मुंबई। अक्षय कुमार और सैफ अली खान की अपकमिंग फिल्म 'हैवान' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। प्रियदर्शन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में अक्षय कुमार खलनायक के किरदार में नजर आए हैं। अक्षय कुमार और सैफ अली खान 18 वर्षों के बाद एक-साथ अपकमिंग फिल्म 'हैवान' में नजर आने वाले हैं। दो मिनट 34 सेकंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि शहर में एक अजीब तरह का खौफ है। कोई शख्स है जो लोगों का कत्ल कर रहा है। ट्रेलर में सैफ अली खान काफी हैरान और परेशान नजर आते हैं। इसके बाद पुलिस दिव्यांग बने सैफ अली खान को गिरफ्तार कर लेती है।

लाइफ Style

कृति
कल्चर दिल में है, नेकलाइन में नहीं

कृति सेनन अपने रक्षाबंधन ऐड के लिए सोशल मीडिया पर ट्रोल हो रही थीं। कुछ यूजर्स के साथ एक्ट्रेस कंगना रनौत ने भी उनके आउटफिट को लेकर टिप्पणी की थी। अब एक्ट्रेस ने इस ट्रोलिंग पर अपना जवाब दिया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस ने एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि कल्चर उनके दिल में है, नेकलाइन में नहीं। इसके अलावा कृति ने भी कहा है कि दूसरे लोगों को ये बोलना बंद कर देना चाहिए कि एक औरत को क्या पहनना चाहिए और क्या नहीं। कृति सेनन ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर करते हुए लिखा, 'त्योहारों का असली मजा आपके पहने हुए कपड़ों में नहीं, बल्कि ट्रेडिशन के लिए आपकी भावनाओं और उनके महत्व में होती है। रक्षाबंधन रक्षा का एक बंधन है। मैं और मेरी बहन एक-दूसरे को राखी बांधते आए हैं। हम जानते हैं कि हम एक-दूसरे की रक्षा ठीक वैसे ही कर सकते हैं जैसे कोई भाई करता। हम एक-दूसरे की हेल्थ, खुशी और लंबी उम्र के लिए प्रार्थना करते हैं। और हमारे लिए, यह प्रार्थना और वादा हमारे कुत्तों के लिए भी है! आखिर, वो भी तो परिवार का हिस्सा हैं। कृति ने आगे लिखा, 'हम कब महिलाओं को ये बताना बंद करेंगे कि उन्हें क्या पहनना चाहिए? एथनिक फैशन में समय के साथ बदलाव आया है,लेकिन आज भी किसी महिला के अपने कल्चर के प्रति सम्मान को उनके कपड़ों से आंका जाता है। कल्चर और ट्रेडिशन उनके दिल में है, कपड़ों के गले के डिज़ाइन में नहीं।'

हॉलीवुड मसाला

मीडो के लिए जान भी दे सकता हूं

लॉस एंजिल्स। अभिनेता विन डीजल हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान भावुक हो गए। वो यहां अपने को-एक्टर और भाई जैसे दोस्त रहे दिवंगत अभिनेता पॉल वॉकर की बात कर रहे थे। विन ने यहां पॉल की बेटी मीडो वॉकर के साथ अपने खास रिश्ते पर भी चर्चा की। उन्होंने मीडो वॉकर को ईश्वर का आशीर्वाद बताया। इसके साथ ही विन डीजल ने कहा कि वह मीडो के लिए अपनी जान भी दे सकते हैं। मीडो आज भी उनके परिवार से काफी जुड़ी हुई हैं।

एडी किंग जूनियर का निभाया था किरदार

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड फिल्म 'द फाइव हार्टबीट्स' फेम अभिनेता माइकल राइट का 70 साल की उम्र में निधन हो गया। इस फिल्म में उन्होंने एडी किंग जूनियर का किरदार निभाया था। उनके निधन की खबर की पुष्टि उनकी पत्नी सुजैन राइट ने की। उन्होंने एक्टर के बारे में एक भावुक बयान जारी किया और लोगों से इस मुश्किल समय में परिवार की प्राइवेसी का सम्मान करने की अपील की। माइकल राइट के निधन की खबर शेयर करते हुए उनकी पत्नी सुजैन राइट ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'बहुत दुख और दिल में भारीपन के साथ मैं अपने प्यारे पति माइकल राइट के निधन की खबर शेयर कर रही हूं।' उन्होंने आगे लिखा, 'माइकल एक पति, पिता, दादा, प्रियजन, दोस्त और एक असाधारण कलाकार थे, जिनके काम ने कई पीढ़ियों को प्रभावित किया।



गुमशुदा बच्ची को खोजने निकलीं तापसी

मुंबई। तापसी पन्नू अपनी फिल्म 'गांधारी' को लेकर सुर्खियों में हैं, जो अगले महीने रिलीज को तैयार है। मंगलवार को फिल्म का ट्रेलर जारी हुआ है, जो काफी इमोशनल कर देने वाला है। 3 सितंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। तापसी पन्नू एक मां की भूमिका में हैं, जो अपनी गुमशुदा बच्ची को खोजने निकली हैं। मगर, यह काम वे आंखों पर पट्टी बांधकर करती हैं। ट्रेलर की शुरुआत तापसी और एक बच्ची के साथ होती है। तापसी आंखों पर पट्टी बांधे छुपन-छिपाई खेल रही हैं। बैकग्राउंड में एक बेहद प्यारी इमोशनल कविता सुनाई देती है। अगले दृश्य में बिटिया मिष्टी के साथ तापसी ट्रेन से यात्रा करती हैं और इसी दौरान उनकी बच्ची का अपहरण हो जाता है। काफी तलाश के बाद भी बच्ची का पता नहीं चलता। मगर, मां का दिल हार नहीं मानता।

गनमास्टर जी-9: एक्शन अवतार में लौटे...

मुंबई। इमरान हाशमी की अगली फिल्म 'गनमास्टर जी 9' का टीजर मेकर्स ने मंगलवार को रिलीज कर दिया। फिल्म के टीजर से इमरान ने एक बार फिर अपने फैंस को चौंकाया है। 1 मिनट 22 सेकंड के इस टीजर में एक्टर इस बार रोमांटिक और एक्शन दोनों ही अंदाज में नजर आए हैं। टीजर में इमरान एक बार फिर धमाकेदार एक्शन करते नजर आए हैं। फिल्म में उनके साथ पहली बार जेनेलिया देशमुख अभिनय करती दिखेंगी। इमरान एक बार अपने इश्क के लिए दुनिया से लड़ते नजर आएंगे। टीजर में इमरान एक बार फिर हिमेश के म्यूजिक पर रोमांस करते दिख रहे हैं। टीजर में एक जगह हिमेश और इमरान के हिट गाने 'अफसाना बना के भूल ना जाना..' का रीक्रिएट वर्जन भी सुनाई देता है। यह गाना 2006 में रिलीज हुई इमरान की फिल्म 'दिल दिया है' का है।

टीवी मसाला

अमिताभ को सेट पर सुननी पड़ी थी फटकार- तुम्हें कुछ नहीं आता

नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन इन दिनों शो कौन बनेगा करोड़पति में नजर आ रहे हैं। शो का 18वां सीजन चल रहा है और हाल ही के एपिसोड में कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के गोल्ड मेडलिस्ट लवलीना बोर्गोहैन, झंडू कुमार, शर्मिला धंकर और अस्मिता डे शो में आए। इस दौरान इनसे बात करते हुए बिग बी ने बताया कि कैसे उन्हें फिल्मों के सेट पर डांट पड़ती थी। दरअसल, केबीसी 18 के स्पेशल एपिसोड में बिग बी, झंडू, लवलीना, शर्मिला और अस्मिता से बात करते हैं और इस दौरान अस्मिता ने बिग बी से पूछा कि क्या आपको कभी सेट पर डांट पड़ी है तो बिग बी बोले, 'हमको बड़ी डांट पड़ती थीं। शुरू में तो बहुत पड़ी थी कि तुमको कुछ आता नहीं है, तुम बहुत लंबे हो, घर जाओ।'बता दें कि वहीं दूसरे एपिसोड में एक कंटेस्टेंट ने बिग बी से पूछा था कि जब वह घर देर से जाते हैं तो क्या उन्हें पत्नी जया बच्चन की डांट सुनने को मिलती है तो इस पर बिग बी बोले, देखिए, हमें पता होता है कि क्या होने वाला है तो हम क्या करते हैं कि हम सुबह उठते ही सबसे पहले जो हमारे परिवार वाले हैं उनके साथ फैमिली ग्रुप में एक मैसेज डाल देते हैं कि नमस्कार, हाथ जोड़कर फिर लिखते हैं कि आज हमारी शूटिंग है इधर-उधर तो आज देर से आऊंगा तो खाने पर मेरा इंतजार ना करें। बस इस वजह से हम बच जाते हैं, लेकिन मान लीजिए कि आपने नहीं बताया तो तब पड़ेगी। बिग बी की फिल्मों की बात करें तो वह लास्ट फिल्म वेट्टैयन में नजर आए थे। इस फिल्म में उनके साथ रजनीकांत लीड रोल में थे। काफी साल बाद दोनों ने साथ में काम किया था। यह तेलुगु फिल्म थी।

रिया या लव, बिग बॉस 20 में किसकी होगी एंट्री?

नई दिल्ली। रियलिटी शो 'बिग बॉस' एक बार फिर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है। इसके साथ ही जल्द शो के प्रतियोगियों के नाम भी सामने आएंगे। इससे पहले शो के होस्ट सलमान खान ने दर्शकों के सामने रिया अहीर और लव गिल में से किसी को प्रतिभागी के रूप में चुनने का प्रस्ताव रखा है। रिया अहीर एक मुंबई बेस्ड मॉडल हैं। वह मुंबई विश्वविद्यालय से अंग्रेजी साहित्य में डिग्री हासिल कर रही हैं। बीते दिनों सीजेपी के मुंबई प्रोटेस्ट के दौरान पुलिस वैन रोकने के बाद वह चर्चा में आई थीं। इसके अलावा वह एक अपना एक निजी हैंडलूम कपड़ों का 'रियासत' नाम का ब्रांड चलाती हैं। लव गिल का असली नाम लवप्रीत कौर है। वह पंजाब की पॉपुलर सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं। इसके साथ वह मॉडलिंग भी करती हैं। लव कई संगीत वीडियो में भी नजर आ चुकी हैं। लव ने अपने करियर की शुरुआत करण औजला के साथ एक वीडियो से की थी।



'दायरा' में सस्पेंस का खेल, आमने सामने दिखेंगे करीना-पृथ्वीराज

नई दिल्ली। बॉलीवुड की प्रमुख अभिनेत्री करीना कपूर खान और लोकप्रिय अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन की आगामी क्राइम थ्रिलर फिल्म 'दायरा' का नया पोस्टर सामने आया है। इस नए विजुअल ने फिल्म की सस्पेंस से भरी दुनिया की एक गहरी झलक पेश की है। निर्देशक मेघना गुलजार के निर्देशन में बनी यह फिल्म अपनी मुख्य कहानी के रहस्य को छिपाकर रखते हुए दोनों मुख्य अभिनेताओं के बीच के पेचीदा संबंधों की ओर इशारा करती है। जारी किए गए पोस्टर में करीना कपूर खान और पृथ्वीराज सुकुमारन एक-दूसरे से विपरीत दिशा में पीठ सटाकर खड़े दिखाई दे रहे हैं। दोनों के बीच पुलिस की येलो इन्वेस्टिगेशन टेप की परतें लगी हुई हैं, जो किसी अपराध की ओर सीधा इशारा करती हैं। इसके अलावा पृष्ठभूमि में एक अज्ञात और धुंधला चेहरा भी नजर आ रहा है, जो पोस्टर के सस्पेंस को और गहरा बनाता है। दोनों अभिनेताओं का यह रुख दिखाता है कि उनके किरदार शायद किसी एक ही आपराधिक घटना को अपने-अपने

अलग नजरिए से देख रहे हैं। यह पोस्टर कहानी का खुलासा किए बिना ही दर्शकों के मन में कई सवाल छोड़ जाता है। पुलिस टेप, ओझल चेहरा और मुख्य पात्रों के बीच की दूरी यह सोचने पर मजबूर करती है कि इन दोनों की जिंदगियां किस तरह एक-दूसरे से जुड़ी हुई हैं और कैसे यह जांच आगे बढ़ेगी। फिल्म 'दायरा' के माध्यम से करीना कपूर खान और पृथ्वीराज सुकुमारन की जोड़ी पहली बार बड़े पर्दे पर एक साथ दिखाई देने वाली है।

वास्तविक घटनाओं पर आधारित कहानी और रिलीज प्लान

यह क्राइम थ्रिलर सच्ची घटनाओं से प्रेरित होकर लिखी गई है, जिसकी पटकथा लेखन में मेघना गुलजार के साथ अन्य अनुभवी सह-लेखकों का योगदान रहा है। 'दायरा' 18 सितंबर 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज के लिए निर्धारित है। जल्द ही पेश किए जाने वाले आधिकारिक ट्रेलर से दर्शकों को इस उलझी हुई क्राइम स्टोरी की परतें समझने का मौका मिलेगा।

जीवन भीमा योजना का पोस्टर रिलीज अरशद अनोखे अंदाज में आएंगे नजर

नई दिल्ली। फिल्म जीवन भीमा योजना का पोस्टर मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। फिल्म में अरशद वारसी एक अनोखे किरदार में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में अरशद डबल रोल में नजर आएंगे। यह एक डार्क कॉमेडी फिल्म होगी जिसका पोस्टर जारी कर दिया गया है। फिल्म 'जीवन भीमा योजना' अरशद वारसी की अन्य कॉमेडी फिल्मों से कुछ अलग होगी। फिल्म की कहानी दो पुरुषों के जीवन पर आधारित होगी। फिल्म 'जीवन भीमा योजना' के बारे में निर्देशक अभिषेक डोगरा ने कहा, 'जीवन भीमा योजना उन आम लोगों की कहानी है, जो एक असाधारण फैसला लेते हैं और फिर पूरी फिल्म उस एक फैसले की कीमत चुकाते हुए नजर आते हैं। फिल्म का जॉनर डार्क कॉमेडी है, लेकिन इसकी भावनात्मक जड़ें बेहद मानवीय हैं। अरशद ने दोनों किरदारों को जिस सटीकता के साथ जीवंत किया, उसने सेट पर हमें भी लगातार हैरान किया।' इस फिल्म का निर्देशन अभिषेक

डोगरा ने किया है। वहीं फिल्म का निर्माण स्टारबीम वेंचर्स लिमिटेड के बैनर तले हुआ है। यह फिल्म डार्क कॉमेडी, क्राइम और सस्पेंस को एक अनोखी गलत पहचान की कहानी के इर्द-गिर्द पेश करती है। अभिनेता अरशद वारसी हाल ही में 'धमाल 4' में नजर आए थे। अरशद इसके अलावा 'वेलकम टू द जंगल', 'प्रीतम पेड्रो' और 'धमाल 4' जैसी दिलचस्प फिल्मों में नजर आ चुके हैं। इसके साथ ही भविष्य में वह 'गोलमाल 5' में भी नजर आएंगे।

61 साल पुराना बिछुआ वाला गाना आज भी है यादगार

तनुजा के क्लासिकल डांस और लता की आवाज ने बनाया गाने को सदाबहार

नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा के पुराने गानों की बात ही कुछ अलग होती है। उस दौर पर बनने वाले गानों में एक कहानी होती थी, उस दौर के गाने के संगीत और उनका अंदाज ऐसा था जो सालों बाद भी लोगों को अपना दीवाना बना लेता है। आज हम आपको एक ऐसे ही गाने के बारे में बताएंगे जो सालों बाद भी लोगों को याद है। हम जिस गाने की बात कर रहे हैं वो है साल 1965 में आई फिल्म का था। इस गाने को रिलीज हुए 61 साल हो गए हैं, लेकिन आज भी इस गाने की मिठास कम नहीं हो पाई है।

झनन झनन बाजे ...

हम बात कर रहे हैं साल 1965 में आई फिल्म 'चांद और सूरज' की. जिसका निर्देशन दुलाल गुहा ने किया था। इस फिल्म में धर्मेंद्र, अशोक कुमार, तनुजा और निरूपा रॉय ने अभिनय किया था। इस फिल्म का गाना 'झनन झनन बाजे बिछुआ' है जो अपनी सादगी के लिए जाना जाता है। इस गाने में पांव में पहने जाने वाले बिछुए की आवाज को आधार बनाकर प्यार की कहानी को बेहद खूबसूरती से पेश करता है। गाने में बिछुए की छनक सिर्फ एक आवाज नहीं लगती, बल्कि पूरे माहौल का हिस्सा बन जाती है।

तनुजा के डांस ने बढ़ाई गाने की खूबसूरती

'झनन झनन बाजे बिछुआ' गाने में तुनजा का डांस इस गाने को और खास बना देता है। उनके क्लासिकल डांस और एक्सप्रेशन गाने के बोल के साथ बिल्कुल परफेक्ट बैठते हैं। यही वजह है कि इसे गाने को सुनने के साथ ही इसको देखने का भी अपना ही एक अलग मजा है। इस गाने में तनुजा के साथ धर्मेंद्र, अशोक कुमार और निरूपा रॉय भी नजर आई हैं।

लता की आवाज ने दिया अलग रंग

इस गाने को लता मंगेशकर ने अपनी सुरीला आवाज से सजा दिया था। उनकी आवाज की मिठास ने गाने के भावों और बालों को और गहरा बना दिया। इस गाने के बोल मशहूर गीतकार शैलेन्द्र ने लिखे और संगीत सलील चौधरी ने दिया था। शैलेन्द्र के शब्द और सलील चौधरी की धुन का मेल इस गाने में साफ सुनाई देता है। 'झनन झनन बाजे बिछुआ' गाने में प्यार, झिझक और मिलने की चाह को बहुत ही खूबसबरती से दिखाया गया है।

चांद और सूरज

1965 में आई फिल्म 'चांद और सूरज' का ये उस समय की संगीत की खूबसूरती को बेहतर बनाता है। इस गाने में न तो बहुत शोर है साथ ही शब्दों को भी बेहद सरल रखा गया है। बिछुए की छनक, लता मंगेशकर की आवाज और तनुजा का डांस मिलकर ऐसा माहौल बनाते हैं, जिसे आज भी पुराने हिंदी गानों के चाहने वाले पसंद करते हैं।

खबर संक्षेप

स्वास्थ्य जागरूकता, प्राथमिक चिकित्सा पर विद्यार्थियों को दी जानकारी

सोनीपत। भारत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस (बीआईटीएस), सोनीपत में आयोजित सात दिवसीय विद्यार्थी अभिमुखीकरण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यक्रम के अंतिम दिन विद्यार्थियों के स्वास्थ्य, प्राथमिक चिकित्सा, टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता को लेकर विशेष सत्र आयोजित किए गए। श्रीमती अन्नू ने मेडिकल अवेयरनेस एवं बेसिक फर्स्ट एड विषय पर विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। सहायक प्रोफेसर श्रीमती साक्षी ने टीम बिल्डिंग एवं लीडरशिप के माध्यम से विद्यार्थियों को टीम के साथ कार्य करने और नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिए प्रेरित किया। समापन अवसर पर वैलेडिक्टरी समारोह और विद्यार्थी फीडबैक सत्र आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम को शैक्षणिक ज्ञान के साथ व्यक्तित्व विकास के लिए भी उपयोगी बताया। इस अवसर पर चेयरमैन बलराज कुंडू, वाइस चेयरमैन विश्वा कुंडू, वाइस चेयरमैन योगेंद्र राठी, निदेशक प्रो. (डॉ.) पूनम जागलान और डॉ. सीमा मौजूद रहीं।

खंड स्तरीय साइंस ड्रामा प्रतियोगिता में छाए मेधावी विद्यार्थी

गोहाना। खंड गोहाना में मंगलवार को खंड स्तरीय साइंस ड्रामा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना की टीम ने प्रथम, सत्यानंद पब्लिक स्कूल गोहाना ने द्वितीय और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जसराना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भैंसवाल कलां की टीम को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।व्यक्तिगत श्रेणी में सत्यानंद पब्लिक स्कूल गोहाना के गर्व को बेस्ट एक्टर और राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना की तन्नू को बेस्ट एक्ट्रेस चुना गया। बेस्ट डायरेक्टर का पुरस्कार राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना तथा बेस्ट स्क्रिप्ट का पुरस्कार सत्यानंद पब्लिक स्कूल गोहाना को मिला। खंड शिक्षा अधिकारी गोहाना बलजीत सिंह गहलावत ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए विजेता टीमों और सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी संजय, को-आर्डिनेटर गौरव कपूर और शीला सिंहरोहा रहे।

हरियाणा स्टेट स्कूल गेम्स में खिलाड़ियों ने जीते पदक

गोहाना। बाल भारती विद्यापीठ विद्यालय, गोहाना के खिलाड़ियों ने चरखी दादरी में शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित हरियाणा स्टेट स्कूली खेलों में कराटे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। शिक्षा विभाग द्वारा स्कूली खेलकूद प्रतियोगिताएं 22 से 24 अगस्त तक चरखी दादरी में आयोजित की गईं। कराटे प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ी लक्षित जमदग्नि ने स्वर्ण पदक तथा यश ने कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के निदेशक हरिप्रकाश गौड़ एवं प्राचार्या सोनू शर्मा ने दोनों पदक विजेता खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। खिलाड़ियों ने अपनी इस सफलता का श्रेय विद्यालय प्रबंधन के साथ कोच अनिल भारद्वाज को दिया।

कन्या कॉलेज में स्टार्टअप सक्सेस स्टोरी वाचन प्रतियोगिता में अनु रही प्रथम

खरखौदा। उच्चतर शिक्षा निदेशक के निर्देशानुसार वर्ल्ड एंटरप्रेन्योरशिप-डे के अंतर्गत सावित्री बाई फुले राजकीय कन्या महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के सहयोग से "स्टार्टअप सक्सेस स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य प्रोफेसर अनिल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में उद्यमिता, नवाचार तथा सफल स्टार्टअप्स की प्रेरणादायक कहानियों के प्रति जागरूकता विकसित करना था। जिसमें 15 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न सफल स्टार्टअप्स की प्रेरक यात्राओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता प्रोफेसर प्रमिला त्यागी एवं डॉ. नमिता के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में संपन्न हुई। दोनों शिक्षकों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रतियोगिता को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में अनु प्रथम, गायत्री द्वितीय, खुशी एवं रेनू तृतीय स्थान पर रहीं। इस दौरान वाणिज्य विभाग से प्राध्यापिका आकांक्षा तथा पूनम उपस्थित रहीं।

मुरथल में नवागंतुक विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम

ज्ञान नवाचार शोध से करें समाधान की खोज

चार वर्ष केवल परीक्षा, अंक और डिग्री तक सीमित न रहें

सोनीपत। डीसीआरयूएसटी में आयोजित दीक्षारंभ कार्यक्रम में अपने विचार रखते कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह, सोनीपत के डीसीआरयूएसटी में आयोजित दीक्षारंभ कार्यक्रम में मौजूद प्रोफेसर व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मुरथल स्थित दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी) में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के नवागंतुक विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने विद्यार्थियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि इस बार विवि में पिछले वर्षों की भांति अधिक प्रवेश हुए। यह समय पर परिणाम घोषित होना, समय पर कक्षाओं का संचालन एवं पाठ्यक्रम पूरा होना, एनईपी-2020 का विश्वविद्यालय में लागू होना, विद्यार्थियों को मूलभूत सुविधाएं मिलने का परिणाम है।

कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने नवागंतुक विद्यार्थियों को अपने चार वर्ष केवल परीक्षा, अंक व डिग्री तक सीमित न रखने का आह्वान किया। विश्वास जताया कि आगामी वर्षों में डीसीआरयूएसटी के अनेक विद्यार्थी देश व दुनिया में विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेंगे। अपने ज्ञान, शोध, नवाचार व संकल्प के माध्यम से समाज एवं राष्ट्र की समस्याओं के समाधान खोजेंगे। विद्यार्थियों को व्यापक प्रश्नों पर विचार करना चाहिए कि वह किस प्रकार के पेशेवर, नागरिक बनना चाहते हैं।

पूरी दुनिया अभूतपूर्व परिवर्तन के दौर से गुजर रही

आज पूरी दुनिया अभूतपूर्व परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स, क्वांटम कंप्यूटिंग, जैव प्रौद्योगिकी, उन्नत विनिर्माण, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी व नवीकरणीय ऊर्जा जैसी तकनीकें आने वाले दशकों में मानव जीवन, उद्योग और अर्थव्यवस्था का स्वरूप बदलने वाली हैं। सोच एक विद्यार्थी को केवल डिग्रीधारी से नवाचारी बनाती है और यही सोच भारत को विकसित राष्ट्र की दिशा में ले जाती है। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. अमित कुमार, डीन एकडेमिक अफेरस प्रोफेसर एमएन मिश्रा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता सुरेश वर्मा, प्रो. दिनेश सिंह ने भी अपने विचार रखें। मंच संचालन डॉ. ममता भगत ने किया। इस दौरान विभिन्न संकायों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, कर्मचारी व बीटेक के नवागंतुक विद्यार्थी मौजूद रहे।

प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

सोनीपत। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढ़ी ब्राह्मणान में ब्लॉक स्तरीय हिंदी पखवाड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य अतुल खट्टर के मार्गदर्शन में हुआ। हिंदी के प्रचार-प्रसार और विद्यार्थियों में भाषा के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई गईं। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए किया गया।

निर्णायक मंडल में संयोजक शशि प्रभा, कमलेश, मोनिका दहिया, संगीता, रितु एवं सीमा ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन का निष्पक्ष मूल्यांकन किया और उनका उत्साहवर्धन किया। प्राचार्य अतुल खट्टर ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिंदी हमारी समृद्ध सांस्कृतिक और भाषाई विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में भाषा प्रेम, आत्मविश्वास और रचनात्मक अभिव्यक्ति का विकास होता है। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ ने सहयोग दिया।

सीबीएसई नॉर्थ जोन ताइक्वांडो में खुशी ने जीता सिल्वर

सोनीपत। ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) की ताइक्वांडो खिलाड़ी खुशी ने सीबीएसई नार्थ जोन ताइक्वांडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीतने में सफलता हासिल की है। लड़कियों के अंडर-19 आयु वर्ग के मुकाबले के दौरान उसने अंडर-63 किलो भार वर्ग में दूसरा स्थान हासिल किया। इस प्रदर्शन के आधार पर उसने सीबीएसई नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए क्वालीफाई कर लिया है। स्कूल पहुंचने पर खुशी का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने उसे बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। खुशी की सफलता पर उसके पिता शिव कुमार व माता सपना ने भी प्रसन्नता जताई है। इस मौके पर अध्यापिका नीरजा, गीता राणा, मोनिका, नमिता, मधु, मीनाक्षी, महक, सुविधा, निशा, राखी, पारुल, योगिंद्र, स्पोर्ट्स इंचार्ज संजीत सहित सभी स्टाफ सदस्यों ने भी खुशी को बधाई दी, साथ ही आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं।

वैज्ञानिक सोच और प्रभावशाली प्रस्तुति से निर्णायक मंडल को किया प्रभावित

सोनीपत। इंडियन मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा नौवीं के छात्र जतिन मलिक ने जिला स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी में प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। जतिन मलिक ने वैज्ञानिक सोच, विषय की गहन समझ, आत्मविश्वास और प्रभावशाली प्रस्तुति के दम पर निर्णायक मंडल को प्रभावित करते हुए जिले में पहला स्थान प्राप्त किया। जतिन मलिक की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। विद्यालय की प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह गहल्याण और समस्त विद्यालय प्रबंधन ने जतिन मलिक को शानदार सफलता के लिए बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि जतिन मलिक की उपलब्धि विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने और उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करने से वे विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। जतिन मलिक की सफलता से विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों में भी उत्साह बढ़ा है।

चैंपियनशिप में छात्राओं ने किया शानदार खेल प्रदर्शन

सोनीपत। जीवीएम गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने आसन बैडमिंटन अकादमी कासीरपुर में आयोजित छठी सोनीपत सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर जिला सेपक टकरॉ चैंपियनशिप-2026 में प्रथम टीम ट्रॉफी जीती। संस्था के प्रधान डॉ. ओपी परुथी और प्राचार्य डॉ. मंजुला स्पाह ने विजेता छात्राओं को बधाई दी। विजेता टीम में विजेता, अन्नू, सिमरन, वंदना, शिवांशी, तनिषा, शिवानी त्यागी, कोमल, शिवानी धाकड़, मीनू, अतिका, वैष्णवी, करिश्मा, नैंसी, आफरीन तथा कीर्ति शामिल रहीं। शिक्षकों ने छात्राओं के प्रदर्शन की सराहना करते हुए आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं।

टीका राम गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने बैंयापुर में चलाया नशामुक्ति अभियान

सोनीपत। टीकाराम गर्ल्स कॉलेज की ओर से नई रोशनी योजना, एनएसएस एवं एंटी-ड्रग्स जागरूकता प्रकोष्ठ के तहत 25 अगस्त को बैंयापुर गांव में नशामुक्ति, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया। कॉलेज प्राचार्या प्रो. डॉ. ऊषा दहिया ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अभियान में कॉलेज की 40 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। टीकाराम शिक्षा समिति के प्रधान सुरेन्द्र सिंह दहिया ने लोगों को नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवन जीने का संदेश दिया। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. शीतल रहीं। एनएसएस एवं एंटी-ड्रग्स जागरूकता प्रकोष्ठ की डॉ. दिव्या श्री और डॉ. आशा रानी ने भी अभियान में सहयोग किया। छात्राओं ने ग्रामीणों को नशामुक्त एवं स्वच्छ वातावरण बनाने का संदेश दिया।

कॅरियर निर्माण में सॉफ्ट स्किल्स की महत्वपूर्ण भूमिका

गोहाना। राजकीय महाविद्यालय बड़ौता में अंग्रेजी की सहायक प्राध्यापिका डॉ. सरिता मलिक ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक दौर में केवल शैक्षणिक एवं तकनीकी ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि सॉफ्ट स्किल्स की भी करियर निर्माण एवं उद्यमिता सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका है। उनको राजकीय महिला महाविद्यालय, रोहतक मे विस्तार व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया गया। 25 अगस्त को ईडी एवं नियुक्ति प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों के लिए व्यवहार कौशल के माध्यम से कॅरियर और उद्यमशीलता में सफलता के दरवाजे खोलना विषय पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य शमशेर सिंह हुड्डा, ईडी क्लब की संयोजिका डॉ. सोनिया, नियुक्ति प्रकोष्ठ संयोजिका डॉ. सविता व कमेटी के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप में प्रताप स्कूल के रित्विक सोलंकी ने जीता पदक

खरखौदा। नई दिल्ली में आयोजित 86 वीं दिल्ली स्टेट वार्षिक एथलेटिक्स चैंपियनशिप में प्रताप स्कूल के प्रतिभाशाली खिलाड़ी रित्विक सोलंकी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। रित्विक ने ट्रायथलॉन-बी (अंडर -14) वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के आधार पर रित्विक का नॉर्थ जोन नेशनल एवं नेशनल स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए चयन हुआ है। प्रतियोगिता से विद्यालय लौटने पर पदक विजेता खिलाड़ी रित्विक सोलंकी का विद्यालय परिसर में जोरदार स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक सत प्रकाश नंबरदार, प्रधानाचार्या दया दहिया, अकादमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया, राजू नंबरदार, बिजेंद्र पीएनटी तथा कोच उत्तम सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

बधिर बच्चों की राखियों से जुटाई 5 हजार रुपये की सहयोग राशि

सोनीपत। सेफ इंडिया फाउंडेशन, रोटरेक्ट क्लब ऑफ जीवीएम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट और अखिल भारतीय महिला अग्रवाल सम्मेलन की ओर से बधिर बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पहल की गई। बच्चों को राखी बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इसके बाद मंगलवार को जीवीएम कॉलेज में स्टॉल लगाकर उनकी बनाई राखियां छात्राओं को उपलब्ध करवाई गईं। छात्राओं ने उत्साह के साथ राखियां खरीदीं और अपनी इच्छा के अनुसार सहयोग राशि दी। रोटरेक्ट क्लब की सलाहकार डॉ. विन्नी सुखीजा ने बताया कि छात्राओं ने करीब 200 राखियां खरीदीं, जिससे लगभग 5 हजार रुपये की सहयोग राशि जुटाई गई। उन्होंने कहा कि यह राशि बच्चों के हुनर और मेहनत को सम्मान देने का माध्यम है। कार्यक्रम में रोटरेक्ट क्लब की प्रधान सुष्मिता, उपप्रधान रुचि, सचिव साक्षी, चहक, युक्ति, खुशबू, मुस्कान कामरा, हिमांशी, रिया बिष्ट और स्कूल इंचार्ज मोहित डागर मौजूद रहे।

नवाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए एआईएम की पहलों की दी जानकारी

सोनीपत। जीवीएम गर्ल्स कॉलेज की इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल की ओर से शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल एवं एआईसीटीई के तत्वावधान में अटल इनोवेशन मिशन और नीति आयोग की पहलों पर ऑनलाइन जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। सत्र यूट्यूब लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से हुआ। संस्था के प्रधान डॉ. ओपी परूथी और प्राचार्या डॉ. मंजुला स्पाह ने संकाय सदस्यों व छात्राओं को नवाचार एवं उद्यमिता गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। आईआईसी संयोजक डॉ. परवीन शर्मा के नेतृत्व में डॉ. प्रगति जमदग्नि, डॉ. रेणु अरोड़ा, डॉ. तमन्ना कुमारी, प्रीति, अंशु और डॉ. नवीन कुमारी सहित संकाय सदस्य मौजूद रहे।

जनगणना के दूसरे चरण की तैयारी तेज

खरखौदा। जनगणना के दूसरे चरण की तैयारियां जोरों पर हैं। पहले चरण में तैयार किए गए मकान एवं आवास संबंधी आंकड़ों को आधार बनाकर अब जनसंख्या गणना की तैयारी की जा रही है। इसके लिए सबसे पहले वरिष्ठ अधिकारियों और संबंधित कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके बाद जनगणना कार्य में लगाए जाने वाले शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों को प्रशिक्षण देकर घर-घर जाकर गणना का कार्य शुरू कराया जाएगा। भारत के महापंजीयक एवं जनगणना आयुक्त कार्यालय की ओर से दूसरे चरण की जनसंख्या गणना के लिए प्रश्नावली भी जारी की जा चुकी है। खरखौदा क्षेत्र में पहले चरण के दौरान ग्रामीण क्षेत्र में करीब 220 गणना क्षेत्र बनाए गए हैं, जबकि शहर में 77 गणना क्षेत्र हैं। इस तरह खरखौदा क्षेत्र में 297 गणना क्षेत्रों के आधार पर दूसरे चरण की तैयारी की जा रही है। उपलब्ध प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र में करीब 1 लाख 48 हजार की आबादी दर्ज की गई है, जबकि खरखौदा शहर में करीब 35 हजार आबादी का आंकड़ा सामने आया है। हालांकि दूसरे चरण में घर-घर जाकर वास्तविक स्थिति की पुष्टि होने के बाद इन आंकड़ों में बदलाव संभव है।

बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में बिजली कटौती से उद्योगपति परेशान

गन्नौर। बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में बिजली कटौती के कारण उद्योगपति बेहद परेशान है। परेशान उद्योगपतियों का कहना है कि बिजली कटौती के कारण उन्हें आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। फैक्ट्री संचालकों ने सरकार से मांग की है कि बिजली कटौती का समय निर्धारित किया जाए और कम से कम कटौती की जाए ताकि उद्योग को आर्थिक नुकसान का सामना न करना पड़े। उद्योगपति सुरेंद्र मलिक ने बताया कि पिछले काफी दिनों से दिन के समय कई घंटे बिजली कटौती होती है जिस कारण उन्हें आर्थिक नुकसान होता है और बीच में ही काम बंद करना पड़ता है। बड़ी इंडस्ट्रियल मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन के प्रधान अमित गोयल , सचिव संजय जैन चिल्ली ने बताया कि बिजली कटौती की समस्या के कारण बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में उद्योगपति परेशान हैं। दिन के समय लंबा कट लगता है जिस कारण जेनरेटरों का सहारा लेना पड़ता है और बार-बार कट के कारणफैक्ट्री संचालकों को नुकसान होता है। उद्योगपतियों की परेशानी को देखते हुए उनकी मांग है कि पावर हाउस का निर्माण कार्य तेज गति से करवाया जाए।

ओवरलोड की समस्या के कारण लगता है कट

इस बारे में बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के बिजली विभाग के एक्सईएन विशाल शर्मा ने बताया कि दिन के समय जो बिजली कट लगता है उसका समय निर्धारित है। बिजली कट लगने का कारण क्षेत्र में ओवरलोड की समस्या है और ओवरलोड की समस्या से निपटने के लिए औद्योगिक क्षेत्र में दो पावर हाउस का निर्माण कार्य चल रहा है। जल्द ही इन पावर हाउस का निर्माण कार्य करवा लिया जाएगा उम्मीद है कि अप्रैल माह तक इसे बिजली आपूर्ति की जाए।

रोडवेज विभाग ने कसी कमर, भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का रक्षाबंधन पर्व हर्षोल्लास से मनाया जाएगा

फ्री सफर करने वाली महिलाओं व बच्चों का दर्ज होगा रिकॉर्ड

- उच्च अधिकारियों का निर्देश बिना महाप्रबंधक की मंजूरी के कर्मचारियों को नहीं मिलेगा अवकाश
- लंबे रूटों से हटाकर लोकल रूटों पर दौड़ेंगी बसें

सोनीपत। सोनीपत बस अड्डा परिसर में विभिन्न रूट की लगी बसें व मौजूद यात्री।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

रोडवेज विभाग ने रक्षाबंधन पर्व को लेकर मुख्यालय से मिले निर्देशों के बाद अपनी तैयारियां पूर्ण करने के साथ कमर कसना शुरू कर दिया है। महिलाओं व बच्चों को सफर के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न झेलनी पड़े, इसके लिए चालकों व परिचालकों को विशेष सावधानी व प्राथमिकता बरतने के निर्देश जारी किए गए हैं। उच्च अधिकारियों की ओर से परिचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि रक्षाबंधन के दिन बसों में निशुल्क सफर करने वाली महिलाओं व बच्चों की संख्या का रिकॉर्ड दर्ज किया जाए। साथ ही उसकी रिपोर्ट बुकिंग कार्यालय में जमा करवाई जाए। बता दें कि भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का रक्षाबंधन पर्व 28 अगस्त को हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। प्रदेश सरकार ने रक्षाबंधन पर्व पर हर साल की भांति इस वर्ष भी बहनों को तोहफा देते हुए 27 अगस्त वीरवार दोपहर 12 बजे से 28 अगस्त शुक्रवार रात 12 बजे तक रोडवेज की बसों में महिलाओं, उनके 15 साल तक के बच्चों का किराया माफ करने की घोषणा की है। मुख्यालय से रोडवेज विभाग कार्यालय में संबंधी पत्र जारी किया गया है। ऐसे में रोडवेज विभाग ने अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है, ताकि यात्रियों को सुगम व आरामदायक सफर की सौगात दी जा सके।

लोकल रूटों पर विभाग का फोकस रहेगा

रक्षाबंधन पर्व को लेकर 27 अगस्त की दोपहर से 28 अगस्त की रात 12 बजे तक महिलाओं व उनके 15 साल तक के बच्चों को रोडवेज बसों में निशुल्क सफर करवाया जाएगा। इसके लिए खासकर मुख्यालय की ओर से पत्र भेजा गया है। विभाग ने इस संबंध में चालकों व परिचालकों को भी निर्देश जारी किए हैं कि यात्रियों को यात्रा के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो, उनके रिकॉर्ड भी दर्ज किए जाएं। लोकल रूटों पर विभाग का फोकस रहेगा। महिला यात्रियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न झेलनी पड़े, इसके लिए कारगर कदम उठाए जा रहे हैं।

-सुरेंद्र दुग्गल, एसएस, रोडवेज विभाग, सोनीपत

लंबे रूटों पर संचालन रद्द करने का निर्णय

सोनीपत बस डिपो में 150 से अधिक बसें शामिल हैं। इनमें 15 ई-बसें भी विभिन्न रूटों पर चल रही हैं। सभी ई-बसों को पूरी तरह से एक्टिव रखने के निर्देश दिए गए हैं। रोडवेज विभाग के अधिकारियों ने मंगलवार को बैठक कर विभिन्न रूटों पर बसों के संचालन की रुपरेखा तैयार की। अधिकारियों ने निर्णय लिया कि लोकल रूटों पर बसें अधिक से अधिक चलाई जाएगी। इसके लिए रक्षाबंधन पर्व को लेकर सोनीपत से शिमला सहित कई लंबे रूटों से बसों को हटाया जाएगा।

पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष को दी श्रद्धांजलि

गोहाना। मंगलवार को आर्य नगर में बिंदेश्वरी प्रसाद (बीपी) मंडल के जन्मदिवस पर हरियाणा पिछड़ा वर्ग रोडवेज कर्मचारी महासभा द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। महासभा के राज्य महासचिव रामनिवास पांचाल ने कहा कि बीपी मंडल सामाजिक न्याय के पुरोधा थे। 1990 में तत्कालीन प्रधानमंत्री वीपी सिंह ने पिछड़ा वर्ग के लिए जो 27 प्रतिशत आरक्षण लागू किया था, उसका श्रेय उस समय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष बीपी मंडल को जाता है। इस अवसर पर मोहन रोहिल्ला, मुखत्यार, सुरेश जांगड़ा, जितेंद्र कश्यप, संदीप स्वाम, कृष्णलाल पांचाल, जगदीश पटवा भानेराम पांचाल, खेमचंद प्रजापति, जगबीर जोगी, रामकुमारऔर जगदीश सेन आदि उपस्थित रहे।

सरपंच ग्राम पंचायत गंगाना, पेदड़ा पाना
खण्ड मुण्डलाना, तह. गोहाना, जिला सोनीपत (हरियाणा)
Mob. 9813031468, 8816930151

सूचना

ग्राम पंचायत गंगाना पेदड़ा पाना में शिव मंदिर के पास वाले तालाब व पंचायत भवन (कंडम) की बोली 2.9.2026 को होनी निश्चित हुई है। बोली गांव में शिव मंदिर के पास बीसी चौपाल में प्रात: 10 बजे करवाई जाएगी। बोलीदाता को मौके पर ही 10,000 हजार रुपये की राशि सिक्योरिटी के रूप में जमा करवानी होगी। बोली के नियम व शर्तें मौके पर सुनाई जाएंगी।

हस्ता/-स्वीटी सरपंच
ग्राम पंचायत गंगाना
पेदड़ा पाना (सोनीपत)

खबर संक्षेप

सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान तपस्वी योगी योगिता महाराज का आशीर्वाद लेते हुए। फोटो: हरिभूमि

श्रद्धालुओं को बताया शिव महापुराण का महत्व

सोनीपत। अनाज मंडी सोनीपत में शिव तपस्वी शिव योगी योगिता गिरी महाराज की ओर से सात दिवसीय शिव महापुराण भक्ति ज्ञान यज्ञ एवं प्रवचन का आयोजन किया गया। कथा के दौरान शिव योगी योगिता गिरी महाराज ने श्रद्धालुओं को शिव महापुराण के महत्व और भगवान शिव की भक्ति के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि शिव महापुराण प्राचीन और महत्वपूर्ण महापुराण है, जिसमें भगवान शिव की महिमा और भक्ति का वर्णन मिलता है। शिव योगी योगिता गिरी महाराज ने कहा कि सावन के महीने में वे देश के विभिन्न स्थानों पर जाकर शिव महापुराण कथा के माध्यम से लोगों को भक्ति और आध्यात्मिकता से जोड़ने का प्रयास करती हैं।

सोनीपत। निरीक्षण के दौरान मौजूद आयोग की सदस्याएं साथ में पुलिस कर्मी।

वन स्टॉप सेंटर व महिला थाने का किया निरीक्षण

सोनीपत। हरियाणा महिला आयोग की सदस्य सुमन शहजादवाला एवं सुनीता लोहचब ने मंगलवार को सोनीपत स्थित वन स्टॉप सेंटर और महिला पुलिस थाने का निरीक्षण किया। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, उपलब्ध सुविधाओं और शिकायतों के निपटारे की प्रक्रिया की जानकारी लेते अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वन स्टॉप सेंटर के निरीक्षण के दौरान आयोग की सदस्यों ने महिलाओं को दी जा रही कानूनी सहायता, मनोवैज्ञानिक परामर्श और अस्थायी आश्रय जैसी सुविधाओं की जानकारी ली।

काले बिल्ले लगा सरकार विरोधी नारेबाजी अनिश्चितकालीन आंदोलन का किया ऐलान

20वें दिन भी जारी रही सफाई व दमकल कर्मचारियों की हड़ताल

- 13 मई के समझौते को लागू करने और नियमित भर्ती की मांग पर कर्मचारियों ने काले बिल्ले लगाकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा और अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन की राज्यव्यापी हड़ताल मंगलवार को सोनीपत में 20वें दिन भी जारी रही। हड़ताल की अध्यक्षता इकाई प्रधान भारत कंडेरा ने की, जबकि मंच संचालन राज्य वरिष्ठ उपप्रधान राजीव खत्री ने किया। कर्मचारियों ने काले बिल्ले लगाकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चेतावनी दी कि 26 अगस्त तक मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन अनिश्चितकालीन कर दिया जाएगा। राजीव खत्री ने कहा कि 13 मई 2026 के द्विपक्षीय समझौते में मानी गई मांगों को सरकार लागू करने से पीछे हट रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि नियमित सरकारी नौकरी देने के बजाय जॉब सिक्योरिटी का पत्र जारी कर कर्मचारियों के साथ धोखा किया गया है। ठेका सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान प्रवीन और राहुल कुमार ने भी इसे कर्मचारियों के भविष्य के साथ छल बताया। नगर पालिका कर्मचारी संघ के महासचिव मांगेराम तिगरा, फायर विभाग यूनियन के महासचिव गुलशन भारद्वाज और सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान देशराज नैन ने कहा कि सरकार वादा खिलाफी कर रही है। जिला वरिष्ठ उपप्रधान विरेंद्र कुमार और इकाई कोषाध्यक्ष दीपक बोहोत ने कहा कि ग्रुप-डी में सफाई कर्मचारियों के पद नहीं होने से उनके भविष्य पर संकट खड़ा हो गया है और स्थायी भर्ती की जानी चाहिए। कर्मचारियों ने मांग की कि पे-रोल फायरमैन और चालकों को नियमित किया जाए, शहीद दमकल कर्मियों के आश्रितों को आर्थिक सहायता और नौकरी दी जाए, वेतन एरियर, जोखिम भत्ता और वर्दी भत्ता लागू किया जाए। प्रदर्शन में दीपक बोहोत, भारत बोहोत, कमलेश, कांता, बबीता, राजरानी, ओमप्रकाश, विजय कुमार, संदीप अतील, यशेंदर, बोबीराम, मनोज कुमार, सत्यवान, धर्मेंद्र, नीतिन शर्मा, अजीत सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

सोनीपत। नगर निगम में विरोध प्रदर्शन करते हुए कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

खरखौदा। कूड़ा उठाने से रोकते हड़ताली सफाई कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

नगर पालिका के कूड़ा उठाने की कोशिश का हड़ताली कर्मचारियों ने किया विरोध

खरखौदा। नगर पालिका सफाई कर्मचारियों की लगातार चल रही हड़ताल के कारण शहर में हर जगह कूड़ा ही कूड़ा दिखाई दे रहा है। शहर के मुख्य मार्गों पर कूड़े के ढेर लग गए हैं उन ढेरो को उठाने वाला कोई नहीं है। नगर पालिका द्वारा कूडे के ढेरों को उठाने की पहल की गई। पालिका के 18 से 20 कर्मचारी एसआई कृष्ण कुमार के नेतृत्व में सांपला रोड पर लगे कूडे के ढेर को डोर टू डोर सफाई कर्मचारियों की मदद से उठवाया जा रहा था। तभी नगरपालिका धरना प्रदर्शन कर रहे सफाई कर्मचारी मनबीर प्रधान की अगुवाई में मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने कूड़ा उठाने के काम को बाधित कर दिया।साथ ही सरकार के खिलाफ नारे बाजी शुरू कर दी। विरोध जताने वालों में शालू, सोनू, सतीश, सुरेन्द्र, बिजेंद्र, संजय कुमार, संता, सुमन, बाला देवी, ज्योति, मनोज के नाम शामिल हैं। इधर शहर वासियों ने सरकार व प्रशासन से सफाई कर्मचारी की चल रही हड़ताल का समाधान करने के लिए रास्ता निकालने की मांग की। उनका कहना है कि कई दिनों से सफाई न होने के कारण शहर में हर जगह कूड़े के ढेर लग गए हैं। सफाई व्यवस्था ठप होने से बीमारियां फैलने का आशंका बनी हुई है।

गोहाना। कूड़े का उठान करते हुए सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

विभिन्न वार्डों में डोर-टू-डोर कचरा उठान दोबारा प्रारंभ

शहरवासियों को सुधार की उम्मीद

- शहर के अधिकतर वार्डों में कई दिनों से कचरा उठान व्यवस्था थी ठप
- कर्मचारी संघ की गोहाना इकाई ने शहर में जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

कई दिनों से कचरा उठान व्यवस्था ठप रहने के बाद मंगलवार को शहर के अधिकतर वार्डों में डोर-टू-डोर कचरा उठान दोबारा शुरू हो गया। एजेंसी के कर्मचारियों के डिपर लेकर घर-घर पहुंचने से शहरवासियों को सफाई व्यवस्था को राहत मिली और सुधार की उम्मीद जगी है। दूसरी तरफ जैसे ही एजेंसी के कर्मी वाहन लेकर सिविल रोड पर पहुंचे तो आंदोलनकारी कर्मियों ने उनको रोक लिया और वाहनों से कचरा उठाकर सडक़ पर फेंक दिया। कई जगह पहले से एकत्रित कचरे को भी बिखेर दिया गया। सरकार से आदेश मिलने पर नगर परिषद के अधिकारियों ने सख्ती बढ़ाई और भुगतान में कटौती की चेतावनी के बाद एजेंसी ने भी अपने कर्मचारियों पर भी सख्ती बढ़ाई। ठेकेदार ने कर्मचारियों को काम पर लौटने के निर्देश दिए और स्पष्ट कहा कि यदि वे काम शुरू नहीं करेंगे तो नए कर्मचारियों को लगाया जाएगा। इसके बाद डोर-टू-डोर कर्मी डिपर लेकर घरों से कचरा उठाने पहुंच गए। लोगों के घरों के बाहर जब कचरा उठाने वाले वाहन पहुंचे तो, राहत महसूस की गई। दूसरी तरफ नगरपालिका कर्मचारी संघ की गोहाना इकाई ने शहर में जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। जैसे ही एजेंसी के वाहन कालोनियों से कचरा लेकर सिविल रोड पर पहुंचे तो आंदोलनकारियों ने उनको रोक लिया। एक वाहन की हवा निकाल दी गई। वाहन से कचरे को उठाकर सडक़ पर फेंक दिया गया। दूसरी तरफ नप ने रोड स्विपिंग एजेंसी से भी काम शुरू कराया गया। एजेंसी कर्मियों ने जहां पर सफाई के दौरान कचरा एकत्रित किया उसे आंदोलनकारी कर्मियों ने सडक़ पर बिखेर दिया।

संजय दूहन जाट महासभा गोहाना के अध्यक्ष बने

- मंगलवार को सर्वसम्मति से हुआ जाट महासभा गोहाना का चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

जाट महासभा गोहाना का चुनाव मंगलवार को सर्वसम्मति से हो गया। प्रशासक प्रकाश चंद और चुनाव अधिकारी रणबीर सिंह की मौजूदगी में संजय दूहन को अध्यक्ष बने और उनके पैनल सेवीरेंद्र सिवाच उपाध्यक्ष, संदीप मलिक सचिव, विकास संयुक्त सचिव और सीए कर्मबीर लठवाल कोषाध्यक्ष चुने गए। छह सदस्यों का भी चयन किया गया। महमूदपुर गांव में हुई पंचायत में समाज के प्रमुख लोगों की मौजूदगी में सहमति बनी थी। अध्यक्ष दूहन ने कहा कि समाज का भाईचारा उनकी सबसे बड़ी ताकत है। चुनाव प्रक्रिया में राजबीर ठेकेदार ने अपने पूरे पैनल के साथ नामांकन वापस लिया। उन्होंने कहा कि समाज की एकता को ध्यान में रखते हुए पंचायत के फैसले का सम्मान किया है और अब संजय दूहन को पूरा सहयोग देंगे।

गोहाना। संजय दूहन को नियुक्ति पत्र देते हुए प्रशासक प्रकाश चंद, साथ हैं महासभा के प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि

महिला विवि व राई इंडस्ट्रियल एसो. में समझौता ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) और राई इंडस्ट्रियल एसो. के बीच सोमवार को शैक्षणिक एवं औद्योगिक क्षेत्र के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। समझौता ज्ञापन पर महिला विवि की ओर से कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव तथा राई इंडस्ट्रियल एसो. की ओर से राकेश छाबड़ा ने हस्ताक्षर कर संबंधित औपचारिकताएं पूरी कीं। विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि इस समझौते का मुख्य उद्देश्य विवि और उद्योग जगत के बीच मजबूत कार्यात्मक संबंध स्थापित करते हुए संयुक्त शोध, प्रशिक्षण, कौशल विकास, इंटर्नशिप, रोजगार, परामर्श तथा ज्ञान-विनिमय के अवसरों को बढ़ावा देना है। एमओयू के तहत दोनों संस्थाएं आपसी हित के क्षेत्रों में ज्ञान, सुविधाओं, आधारभूत संरचना और शोध संसाधनों को साझा करेंगी। समझौते के अंतर्गत छात्राओं के लिए वर्कशॉप, सेमिनार, करियर मार्गदर्शन, इन-क्लास गतिविधियां, इंटर्नशिप, कैपस्टोन प्रोजेक्ट और लाइव प्रोजेक्ट आयोजित किए जाएंगे। कुलपति ने बताया कि इंटर्नशिप ग्रीष्मकालीन एवं शीतकालीन कार्यक्रमों के तहत 45 से 60 दिनों की अवधि के लिए उपलब्ध कराई जाएगी। समझौते के अनुसार आवश्यकताओं के आधार पर छात्राओं को पूर्णकालिक रोजगार के अवसर भी प्रदान किए जा सकेंगे। एमओयू 3 वर्ष अवधि के लिए प्रभावी रहेगा।

गोहाना। एमओयू हस्तांतरित करते हुए एसो. के अधिकारी, कुलपति प्रो. सुदेश, प्रो. शिवालिक यादव व अन्य। फोटो : हरिभूमि

कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में विवि नोडल अधिकारी प्रो. अंशु भारद्वाज, डीन ऐकडेमिक अफेयर्स प्रो. विजय नेहरा, राई इंडस्ट्रियल एसो. की तरफ से दमनजीत सिंह व नवीन सचदेवा भी मौजूद रहे।

पूर्व विधायक कुलदीप शर्मा पर कांग्रेस नेता ने जड़े आरोप

गन्नौर। प्रेसवार्ता करते पूर्व जिला पार्षद एवं कांग्रेस नेता महिपाल पांची।

गन्नौर। पूर्व विधायक एवं हरियाणा विधानसभा के पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा की कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को लिखी चिट्ठी के बाद पूर्व जिला पार्षद एवं कांग्रेस नेता महिपाल पांची ने शर्मा पर तीखा हमला बोला है। महिपाल पांची ने प्रेसवर्ता कर कहा कि 2009 से पहले गन्नौर में कुलदीप शर्मा को कोई नहीं जानता था। उन्होंने दावा किया कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा उन्हें गन्नौर की राजनीति में लेकर आए और विधायक बनाने के बाद विधानसभा अध्यक्ष की कुर्सी तक पहुंचाया। पांची ने कहा कि 2019 और 2024 के चुनाव में जनता ने शर्मा को नकार दिया। उन्होंने इसके लिए शर्मा के व्यवहार और जनता से दूरी को जिम्मेदार बताया। महिपाल ने आरोप लगाया कि चुनाव के समय लोगों की वोट बटोरी, लेकिन हारने के बाद बाद में उनकी सुध नहीं ली गई। उन्होंने कहा कि राजनीतिक द्वेष के कारण उनका कार्यालय तोड़ा गया, लेकिन कुलदीप शर्मा ने उनका भी हाल तक नहीं पूछा। पांची ने शर्मा पर कांग्रेस से गद्दारी का आरोप लगाते हुए कहा कि कुलदीप शर्मा ने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी की भी मदद नहीं की, लेकिन वह फिर भी चुनाव जीते। साथ ही खुली चुनौती दी कि गन्नौर में 200-300 लोगों की बैठक करके दिखाएं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2000/- रु. 2500/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

सोनीपत। बैठक के दौरान मौजूद अधिकारीगण।

सीएम विंडो शिकायतों का प्राथमिकता से समाधान करें अधिकारी : उपायुक्त

सोनीपत। उपायुक्त नेहा सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को सीएम विंडो, जनसंवाद और समाधान शिविर से संबंधित शिकायतों की समीक्षा बैठक हुई। उपायुक्त ने जिले में लंबित पुरानी शिकायतों की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को उनका प्राथमिकता के आधार पर जल्द समाधान करने और कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) पोर्टल पर समयबद्ध तरीके से अपलोड करने के निर्देश दिए। नेहा सिंह ने कहा कि सीएम विंडो आमजन की समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने की महत्वपूर्ण व्यवस्था है। प्रत्येक शिकायत पर गंभीरता से कार्रवाई कर शिकायतकर्ता को उचित समाधान देना अधिकारियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पुरानी शिकायतों को अनावश्यक रूप से लंबित रखना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में गोहाना, कथूरा, गन्नौर, मुरथल, खरखौदा, राई और सोनीपत खंडों से संबंधित शिकायतों की अलग-अलग समीक्षा की गई। उन्होंने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतकर्ता की मांग का नियमानुसार परीक्षण कर उचित कार्रवाई करें। नियमों के अनुरूप स्वीकार्य नहीं शिकायतों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत खारिज कर स्पष्ट कारण सहित एटीआर अपलोड की जाए।

हाईटेंशन लाइनों के उचित मुआवजे के लिए चल रहे धरने को किसान यूनियन ने दिया समर्थन

- बेदी दहिया बोले-चार सितंबर को केंद्रीय मंत्री के सामने उठाएंगे किसानों की मांग

सोनीपत। भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धूपुर के जिला प्रधान बेदी दहिया के नेतृत्व में जिला कमेटी ने गुहणा गांव में 7 जून से बिजली की हाईटेंशन लाइनों के उचित मुआवजे की मांग को लेकर छह गांवों के चल रहे धरने को समर्थन दिया। बेदी दहिया ने कहा कि 4 सितंबर को संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) का प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के सामने हाईटेंशन लाइनों के उचित मुआवजे सहित किसानों की विभिन्न मांगें उठाएगा। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका प्रस्तावित व्यापार समझौते से खेती, डेयरी, पोल्ट्री और मछली पालन को बाहर रखना, एमएसपी गारंटी कानून, स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करना, किसानों की कर्जमाफी और गन्ने का रेट बढ़ाने सहित हाईटेंशन लाइनों का उचित मुआवजा मोर्चे की आठ सूत्रीय मांगों में शामिल है। पीड़ित किसान करमबीर ने कहा कि मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन तेज किया जाएगा। जिला संयोजक इंद्रजीत राणा ने कहा कि समाधान होने तक यूनियन प्रभावित किसानों के साथ खड़ी रहेगी। रामकुंवार राणा, विकास राणा, शक्ति दहिया, रणबीर सिंह, बुधराम कोहाड़, समुंदर राणा, देवेंद्र गहलावत गुहणा, मुख्तयार मलिक भैसवाल, राज सिंह बिलबिलाण, धर्मपाल मोहाना और अजीत जाजी सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

सोनीपत। लघु सचिवालय परिसर में सांकेतिक धरने पर बैठे जिले के पटवारी व कानूनगो। फोटो: हरिभूमि

पटवारियों व कानूनगो ने सांकेतिक धरना दो दिन बढ़ाने का लिया निर्णय

सोनीपत। दी रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन, हरियाणा के राज्य कार्यकारिणी के आह्वान पर मंगलवार को लघु सचिवालय परिसर में पटवारियों और कानूनगो का विभिन्न मांगों को लेकर धरना जारी रहा। धरने पर विभिन्न सामाजिक संगठनों व राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों ने पहुंचकर पटवारियों व कानूनगो को अपना समर्थन दिया। इनमें इनेलो के जिला अध्यक्ष कुनाल गहलावत, लीगल सेल अध्यक्ष प्रदीप सरोहा, कांग्रेस के ग्रामीण जिला अध्यक्ष संजीव दहिया, खरखौदा ब्लॉक अध्यक्ष सुनील दहिया, पुनीत राणा, जिला पार्षद संजय शर्मा, निगम वार्ड 18 के पार्षद राजेश मलिक शामिल रहे। एसो के राज्य प्रधान जयबीर चहल, महासचिव सन्नी दहिया ने बताया कि नए वेब पोर्टल पर प्रतिदिन नई तकनीकी समस्याएं आ रही हैं। ऑनलाइन जमाबंदी में से मालिकों के नाम तक गायब हो रहे हैं। इस पोर्टल पर रिकॉर्ड व तकनीकी खामियों की जिम्मेदारी आईटी विभाग की तय की है। अगर पोर्टल पर इंतकाल स्वतः ठीक दर्ज हो रहे हैं, तो इन पर आईटी विभाग प्रमुख के हस्ताक्षर आने चाहिए। डीसीएस को लेकर विभाग ने जारी पत्र में न तो सर्वे की रेंज बढ़ाई गई है, न ही फेस ऑथेंटिकेशन को हटाया गया है।

सोनीपत के प्रियांशु राज और नितीश कुमार ने राष्ट्रीय स्तर पर बनाई पहचान

- कृषि अपशिष्ट से प्रोटीन बनाने के विचार के साथ सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो के टॉप-40 में बनाई जगह

सोनीपत। सोनीपत के दो युवा इनोवेटर प्रियांशु राज और नितीश कुमार ने अपने नवाचार के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। दोनों ने सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो के टॉप-40 में जगह बनाकर जिले का नाम रोशन किया है। उनका विचार कृषि अपशिष्ट को संभावित प्रोटीन स्रोत में बदलने से जुड़ा है। इसके माध्यम से वे कृषि कचरे की समस्या के साथ पोषण की चुनौती का समाधान तलाश रहे हैं। 22 वर्षीय प्रियांशु और 21 वर्षीय नितीश का यह विचार कृषि क्षेत्र में अपशिष्ट के बेहतर उपयोग की संभावनाओं पर आधारित है। टॉप-40 में चयन के बाद दोनों को अपने विचार को आगे विकसित करने और व्यावहारिक रूप देने का अवसर मिलेगा। सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो 14 से 22 वर्ष के युवाओं के लिए आयोजित नवाचार कार्यक्रम है। इसमें डिजाइन थिंकिंग, मार्गदर्शन और व्यावहारिक प्रशिक्षण से प्रतिभागियों को अपने विचारों को नमूना मॉडल में बदलने का अवसर दिया जाता है। राष्ट्रीय टॉप-40 में आधे से अधिक टीमें छोटे और मध्यम शहरों से चुनी गई हैं। चयनित सभी टीमों को सामूहिक रूप से 8 लाख की सहायता मिलेगी और हर सदस्य को सैमसंग गैलेक्सी बुक6 सीरीज का लैपटॉप दिया जाएगा। प्रतिभागी आईआईटी दिल्ली के एफआईटीटी में 10 दिवसीय नवाचार प्रशिक्षण शिविर में भी हिस्सा लेंगे। अंत में विजेता टीमों को कुल दो करोड़ की ग्रांट दी जाएगी। प्रियांशु और नितीश के लिए टॉप-40 में चयन अपने विचार को बड़े स्तर पर विकसित करने का महत्वपूर्ण अवसर है।

कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय महिला काव्य मंच की मासिक गोष्ठी में गूंजीं रचनाएं

कविताओं के माध्यम से प्रेम, संघर्ष और मर्यादित जीवन का दिया संदेश

डॉ. प्रोमिला, प्राध्यापिका खरखौदा गर्ल कॉलेज, विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

अंतरराष्ट्रीय महिला काव्य मंच की सोनीपत इकाई की अगस्त माह की मासिक काव्य गोष्ठी सेक्टर-23 में सोनीपत इकाई की उपाध्यक्ष रेखा आर्या के निवास पर आयोजित हुई। गोष्ठी में राष्ट्रपति अवॉर्डी प्रो. ज्योति राज, राष्ट्रीय महासचिव मकाम मुख्य अतिथि और डॉ. प्रोमिला, प्राध्यापिका खरखौदा गर्ल कॉलेज, विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुईं। अध्यक्षता रेखा आर्या ने की। सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ। गन्नौर से आई बाल कवयित्री शक्ति दूबे ने मां और बेटी के रिश्ते पर कविता सुनाई। कवयित्री शीतल 'नवीन', शिक्षिका हिंदी विभाग, ने प्रेम पर आधारित रचना प्रस्तुत कर भावविभोर किया। सोनीपत इकाई की अध्यक्ष चंचल ने प्रभु स्तुति प्रस्तुत की। रेखा आर्या ने प्यार और युवा व्यवहार पर कविता सुनाकर युवा बेटियों को मर्यादित जीवन जीने का संदेश दिया।

सोनीपत। गोष्ठी के दौरान मौजूद कवयित्री। फोटो: हरिभूमि

ये मौजूद रही

मुख्य अतिथि डॉ. ज्योति राज ने नाज सर, संस्थापक मकाम, का महिलाओं को मंच उपलब्ध कराने के लिए आभार जताया और कविता के माध्यम से चमचों पर व्यंग्य किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रोमिला ने कविता के माध्यम से प्रेम और संघर्ष के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। गोष्ठी में सविता गुलिया, अनिता हुड्डा और सावित्री चौधरी भी मौजूद रहीं। अंत में रेखा आर्या ने सभी का धन्यवाद किया।

राजलुगढ़ी में घर के बाहर अवैध शराब बेचते युवक पकड़ा

गन्नौर। पुलिस ने गश्त के दौरान राजलुगढ़ी गांव में एक युवक को अवैध शराब बेचते हुए काबू किया। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से 13 बोतल देशी शराब और एक अध्धा बरामद किया है। पुलिस ने शराब को कब्जे में लेकर आरोपित के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार हेड कांस्टेबल अनूप अपनी टीम के साथ सोनीपत रोड पर गांव राजलुगढ़ी के पास गश्त कर रहे थे। सूचना मिली कि जसवंत पुत्र प्रेम सिंह निवासी राजलुगढ़ी अपने मकान के बाहर अवैध रूप से शराब बेच रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर निगरानी की। पुलिस को एक व्यक्ति मकान के बाहर खुले में शराब बेचता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर उसने भागने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने उसे पकड़ लिया।